प्रश्न–पत्र पुस्तिका
**QUESTION PAPER BOOKLET**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या : 32
Number of Pages in Booklet : 32

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या : 100
Number of Questions in Booklet :100

**D** बुकलेट सीरीज

समय / Time : 2 घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 100

## INSTRUCTIONS

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answer is marked, it would be treated as wrong answer.
5. Answers are to be marked on the OMR Answer Sheet, provided separately.
6. Each question has four options marked serially as 1,2,3,4 out of which only one is correct. Candidate has to darken only one circle or bubble indicating the correct answer on the Answer Sheet using only **BLACK/ BLUE BALL POINT PEN**.
7. There is no Negative Marking.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. Please fill your Roll Number and Series printed on Question Paper Booklet on O.M.R. Answer Sheet, carefully and correctly.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.
11. Answer to the question by darkening multiple circles or by wrong method shall not be evaluated.
12. Answer to the question by using whitener or eraser or using any other method to erase the darkened circle, shall not be evaluated.
13. Use only blue/black ball point pen in OMR answer sheet. In case of use of pencil or ball point pen of any other color, answer sheet shall not be evaluated.

**Warning :** Candidate using unfair means in the exam will be disqualified & action as per law shall be taken.

## निर्देश

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा।
5. प्रश्नों के उत्तर पृथक से दिये गये ओ.एम.आर.उत्तर–पत्रक पर अंकित करें।
6. प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1,2,3,4 अंकित किया गया है, जिनमें से एक सही है। अभ्यर्थी को सही उत्तर निर्दिष्ट करते हुए उनमें से केवल एक गोले अथवा बबल को गहरा करना है।
7. कोई नकारात्मक अंकन नहीं है।
8. परीक्षा हॉल में मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र पूर्णतः वर्जित है। किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी वर्जित सामग्री पाये जाने पर उसके विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जावेगी।
9. कृपया अपना रोल नम्बर एवं प्रश्न–पत्र पुस्तिका पर अंकित सीरीज ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक पर सावधानी पूर्वक एवं सही भरें।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की अस्पष्टता / त्रुटि हो, तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा।
11. एक से अधिक गोले भरने या गलत तरीके से गोला भरने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
12. भरे गये गोले को व्हाइटनर या रबड़ या किसी अन्य तरीके से मिटाने पर उस उत्तर का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा।
13. ओ.एम.आर. उत्तर–पत्रक में केवल नीले / काले बाल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करें। पेंसिल या अन्य किसी रंग के बाल प्वॉइंट पेन का प्रयोग करने पर उत्तर–पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जाएगा।

**चेतावनी** : परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर अभ्यर्थी को अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा एवं विधिनुसार कार्यवाही की जायेगी।

1. Under the provisions of The Specific Relief Act, 1963, when a part of a contract which, taken by itself, can and ought to be specifically performed, stands on a separate and independent footing from another part of the same contract which cannot or ought not to be specifically performed, then:-

(1) The court may not direct the specific performance of the former part.

(2) It will be the discretion of the court to direct or not to direct the specific performance of the former part.

(3) The court may direct the specific performance of the former part.

(4) None of the above option.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के प्रावधानों के अन्तर्गत जब कि संविदा का कोई भाग जिसका, यदि उसे अलग से लें तो विनिर्दिष्टतः पालन किया जा सकता है और किया जाना चाहिए, उसी संविदा के ऐसे अन्य भाग से पृथक और स्वतन्त्र आधार पर खड़ा हो जिसका विनिर्दिष्टतः पालन नहीं किया जा सकता या नहीं किया जाना चाहिए, वहां पूर्व कथित भाग के विनिर्दिष्ट पालन का:–

(1) न्यायालय निदेश नहीं दे सकेगा।

(2) निदेश देना अथवा नहीं देना, न्यायालय के विवेकाधीन होगा।

(3) न्यायालय निदेश दे सकेगा।

(4) उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

2. What is meant by statutory interpretation?

(1) The interpretation of a statute by Parliament.

(2) The interpretation of a statute by the House of Commons.

(3) The interpretation of a statute by the courts.

(4) The interpretation of a statute by the House of Lords.

सांविधिक निर्वचन से क्या अभिप्रेत है?

(1) संसद द्वारा संविधियों का निर्वचन।

(2) हाउस ऑफ कॉमन्स द्वारा संविधियों का निर्वचन।

(3) न्यायालयों द्वारा संविधियों का निर्वचन।

(4) हाउस ऑफ लॉर्ड्स द्वारा संविधियों का निर्वचन।

3. Under The Transfer of Property Act, 1882 'Attached to the earth' doesn't mean:-

(1) Trees

(2) Shrubs

(3) Growing crops

(4) Walls or Buildings

सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत 'भूबद्ध' से अभिप्रेत नहीं है:–

(1) पेड़

(2) झाड़ियां

(3) उगती फसलें

(4) भित्तियां या निर्माण

4. Under section 15 of The Limitation Act, 1963, exclusion of time is not applicable to:-

**(1)** Suits

**(2)** Appeals

**(3)** Application for the execution of a decree

**(4)** All the above

परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 15 के अन्तर्गत समय का अपवर्जन लागू नहीं होता है:–

**(1)** वाद पर

**(2)** अपील पर

**(3)** आज्ञाप्ति के निष्पादन के आवेदन पर

**(4)** उपरोक्त सभी पर

5. The repealment of the Rajasthan Premises (Control of Rent and Eviction) Act, 1950 ("Act of 1950") by Section 32(1) of The Rajasthan Rent Control Act, 2001, affected which of the following?

**(1)** To anything duly done or suffered under the Act of 1950.

**(2)** To any right acquired under the Act of 1950.

**(3)** To any fine incurred under the provisions of the Act of 1950.

**(4)** None of the above option.

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 32 (1) द्वारा राजस्थान परिसर (किराया तथा बेदखली नियन्त्रण) अधिनियम, 1950 ("अधिनियम 1950") के निरसन ने निम्न में से किसको प्रभावित किया?

**(1)** अधिनियम 1950 के अधीन सम्यक रूप से की गई किसी बात को।

**(2)** अधिनियम 1950 के अधीन अर्जित किसी अधिकार को।

**(3)** अधिनियम 1950 के उपबन्धों के अधीन उपगत किसी जुर्माने को।

**(4)** उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

6. Under The Indian Contract Act, 1872, a Contract to perform the promise or discharge the liability of a third person in case of his default,:-

**(1)** is a contract of guarantee.

**(2)** is a contract of warranty.

**(3)** is a contract of Indemnity.

**(4)** None of the above option.

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत किसी पर व्यक्ति द्वारा व्यतिक्रम की दशा में उसके वचन का पालन करने की संविदा:–

**(1)** प्रत्याभूति की संविदा है।

**(2)** समाश्वासन की संविदा है।

**(3)** क्षतिपूर्ति की संविदा है।

**(4)** उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

7. On application under section 22-E of The Rajasthan Rent Control Act, 2001, Court fee shall be payable:-

(1) Rs. 50/-

(2) Rs. 100/-

(3) Rs. 250/-

(4) Ad valorem

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 22–ङ के अधीन आवेदन पर न्यायालय फीस संदेय होगी:–

(1) 50 / – रुपये

(2) 100 / – रुपये

(3) 250 / – रुपये

(4) मूल्यानुसार

8. Under the provisions of The Rajasthan Rent Control Act, 2001, which of the following is not a requisite regarding inspection of a rented premise?

(1) A prior intimation of at least 7 days shall be given to the tenant.

(2) The premises shall be inspected in day time.

(3) Such inspection shall not be carried out more than once in 3 months.

(4) Such inspection shall be carried out only in the presence of tenant.

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 के प्रावधानान्तर्गत किराये पर दिये गये परिसर का निरीक्षण करने के सम्बन्ध में निम्न में से क्या अपेक्षित नहीं है?

(1) किरायेदार को कम से कम 7 दिवस की पूर्व सूचना देनी होगी।

(2) परिसर का निरीक्षण दिन के समय किया जाएगा।

(3) ऐसा निरीक्षण 3 मास में एक बार से अधिक नहीं किया जाएगा।

(4) ऐसा निरीक्षण किरायेदार की उपस्थिति में ही किया जाएगा।

9. An Advertisement in a news paper inviting tenders is:-

(1) Proposal

(2) Invitation for conversation

(3) Promise

(4) Invitation for proposal

एक समाचार–पत्र में निविदाएँ आमंत्रित करने वाला विज्ञापन है:–

(1) प्रस्ताव

(2) वार्ता के लिए आमंत्रण

(3) वचन

(4) प्रस्ताव के लिए आमंत्रण

10. Under the Code of Civil Procedure, 1908, which of the following is not a supplemental proceeding?

(1) Appointment of a Receiver.

(2) Granting of a Temporary Injunction.

(3) Arrest and attachment before judgement.

(4) Granting of a Permanent Injunction.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौनसी अनुपूरक कार्यवाही नहीं है?

(1) रिसीवर की नियुक्ति।

(2) अस्थाई व्यादेश अनुदत्त करना।

(3) निर्णय पूर्व की गिरफ्तारी तथा कुर्की।

(4) स्थाई व्यादेश अनुदत्त करना।

11. Under which section it is provided that in all civil proceedings the husband or wife of any party to the suit shall be a competent witness?

(1) Section 120 of Indian Evidence Act, 1872

(2) Section 121 of Indian Evidence Act, 1872

(3) Section 122 of Indian Evidence Act, 1872

(4) Section 126 of Indian Evidence Act, 1872

किस धारा में यह प्रावधानित है कि सभी सिविल कार्यवाहियों में वाद के किसी पक्षकार का पति या पत्नी सक्षम साक्षी होंगे?

(1) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 120 में

(2) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 121 में

(3) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 122 में

(4) भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 126 में

12. Pending proceedings in a representative suit, the dispute is settled between plaintiff and defendants. They jointly filed an application to record settlement which was allowed. Suit was decreed in terms of the settlement. Is there any procedural irregularity?

(1) No

(2) Yes. Court ought to have conducted an enquiry about the genuineness of settlement.

(3) No. Court could have granted leave to settle, being a representative suit.

(4) Yes. Court cannot grant permission without following due procedure, being a representative suit.

प्रतिनिधि वाद की कार्यवाही के लम्बित रहते, वादी व प्रतिवादी के मध्य विवाद का राजीनामा हो जाता है। राजीनामे को अभिलेख पर रखने हेतु वे संयुक्त रूप से एक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करते हैं जो स्वीकार किया गया। राजीनामे के आधार पर वाद डिक्री किया गया। क्या यहां कोई प्रक्रियात्मक अनियमितता है?

(1) नहीं

(2) हां। न्यायालय को राजीनामे की सत्यता के बारे में जांच करनी चाहिए थी।

(3) नहीं। एक प्रतिनिधि वाद होने के कारण न्यायालय राजीनामा करने की अनुमति दे सकता है।

(4) हां। एक प्रतिनिधि वाद होने के कारण न्यायालय, बिना प्रक्रिया का अनुसरण किए, अनुमति नहीं दे सकता।

**13.** Under the Code of Civil Procedure, 1908, in one situation the contract of engagement of a lawyer by the party to suit will be deemed to continue even after the death of that party. Which is that situation?

**(1)** Till the pleader inform the court about death of party.

**(2)** Till the legal heirs engage a new lawyer.

**(3)** Till an application for impleadment of legal heirs is filed.

**(4)** Till the legal heirs are brought on record.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत, एक परिस्थिति में वाद के पक्षकार द्वारा अधिवक्ता की नियुक्ति की संविदा उस पक्षकार की मृत्यु के पश्चात भी जारी मानी जाएगी। वह कौन सी परिस्थिति है?

**(1)** जब तक प्लीडर न्यायालय को पक्षकार की मृत्यु की सूचना दे।

**(2)** जब तक विधिक प्रतिनिधि नया अधिवक्ता नियुक्त करें।

**(3)** जब तक विधिक प्रतिनिधियों को पक्षकार बनाने का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया जाए।

**(4)** जब तक विधिक प्रतिनिधियों को अभिलेख पर लाया जाए।

**14.** The concept of free legal aid takes its root from which article of the Constitution of India?

**(1)** Article 30

**(2)** Article 39

**(3)** Article 38

**(4)** Article 39-A

निशुल्क विधिक सहायता की संकल्पना भारत के संविधान के किस अनुच्छेद से आई है?

**(1)** अनुच्छेद 30

**(2)** अनुच्छेद 39

**(3)** अनुच्छेद 38

**(4)** अनुच्छेद 39–क

**15.** The Writ Jurisdiction of High Court is wider than Writ Jurisdiction of Supreme Court. Examine the correct answer.

**(1)** Yes. Article 226 can be invoked to establish fundamental rights and any other right.

**(2)** No. Article 32 is wider.

**(3)** Both jurisdictions are identical.

**(4)** None of the above option.

उच्च न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार उच्चतम न्यायालय के रिट क्षेत्राधिकार से व्यापक है। सही उत्तर जांचिए।

**(1)** हां। अनुच्छेद 226 की सहायता मूलभूत अधिकार और किसी अन्य अधिकार को स्थापित करने में ली जा सकती है।

**(2)** नहीं। अनुच्छेद 32 व्यापक है।

**(3)** दोनों क्षेत्राधिकार समान हैं।

**(4)** उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

16. Under the Code of Civil Procedure, 1908, which of the following statement is not correct?

(1) Decree includes the rejection of plaint.

(2) Decree includes the determination of any question under section 144.

(3) Decree does not include any order of dismissal for default.

(4) Decree includes any adjudication from which an appeal lies as an appeal from an order.

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के अन्तर्गत निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) वादपत्र का नामंजूर किया जाना डिक्री के अन्तर्गत सम्मिलित है।

(2) धारा 144 के अन्तर्गत किसी प्रश्न का अवधारण डिक्री के अन्तर्गत सम्मिलित है।

(3) व्यतिक्रम के लिए खारिज करने का कोई आदेश डिक्री के अन्तर्गत सम्मिलित नहीं है।

(4) डिक्री के अन्तर्गत कोई ऐसा न्याय निर्णय सम्मिलित है जिसकी अपील आदेश की अपील की भांति होती है।

17. Under Rajasthan Rent Control Act, 2001, an application made under section 23 shall be disposed of by Rent Authority within ......... from the date of presentation of the application.

(1) 120 days

(2) 90 days

(3) 60 days

(4) 30 days

राजस्थान किराया नियन्त्रण अधिनियम, 2001 की धारा 23 के अन्तर्गत किये गये आवेदन का निपटारा किराया प्राधिकरण आवेदन पेश किये जाने की तारीख से ............. के भीतर–भीतर करेगा।

(1) 120 दिन

(2) 90 दिन

(3) 60 दिन

(4) 30 दिन

18. Which of the following statement regarding 'Gift' under The Transfer of Property Act, 1882, is correct?

(1) Gift is the transfer of certain future movable or immovable property made voluntarily and without consideration.

(2) Transferor is known as donee and tranferee is known as donor in gift.

(3) If the donee dies before acceptance, the gift is void.

(4) None of the above option.

सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत 'दान' के सम्बन्ध में कौनसा कथन सही है?

(1) दान किसी भावी जंगम या स्थावर सम्पत्ति का स्वेच्छया और प्रतिफल के बिना किया गया अन्तरण है।

(2) दान में अन्तरणकर्ता आदाता व अन्तरिती दाता कहलाता है।

(3) यदि प्रतिग्रहण से पहले आदाता की मृत्यु हो जाती है तो दान शून्य हो जाता है।

(4) उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

19. According to ............. of interpretation, the meaning of a word is to be judged by the company it keeps.

(1) Mischief rule
(2) Golden rule
(3) Noscitur a sociis
(4) Primary rule

निर्वचन के ........................... के अनुसार, एक शब्द का अर्थ उसके साथ वाले शब्द के आधार पर आंका जाता है।

(1) रिष्टि के नियम
(2) स्वर्णिम नियम
(3) साहचर्य के नियम
(4) प्राथमिक नियम

20. For the purpose of hearing any reference under Article 143 of Constitution of India, the minimum number of judges of Supreme Court who are to sit for the purpose, shall be:-

(1) 3
(2) 5
(3) 7
(4) 11

भारत के संविधान के अनुच्छेद 143 के अधीन निर्देश की सुनवाई करने के प्रयोजन के लिए बैठने वाले सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की न्यूनतम संख्या होगी:–

(1) 3
(2) 5
(3) 7
(4) 11

21. Ut Res Magis Valeat Quam Pereat is also known as ...........

(1) Rule of harmonious construction
(2) Rule of reasonable construction
(3) Rule of ejusdem generis
(4) All of the above

Ut Res Magis Valeat Quam Pereat को .................. से भी जाना जाता है।

(1) सामंजस्यपूर्ण निर्माण का नियम
(2) युक्तियुक्त निर्माण का नियम
(3) सहजातीय व्याख्या का नियम
(4) उपरोक्त सभी

22. Which of the following is not defined under section 2 of The Limitation Act, 1963?

(1) Bill of exchange
(2) Bond
(3) Cheque
(4) Promissory note

परिसीमा अधिनियम, 1963 की धारा 2 के अन्तर्गत निम्न में से क्या परिभाषित नहीं है?

(1) विनिमय पत्र

(2) बन्धपत्र

(3) चैक

(4) वचनपत्र

**23.** Which of the following statement regarding Chapter-VIII of The Transfer of Property Act, 1882 relating to 'Of transfers of actionable claims', is incorrect?

(1) This chapter applies to instruments which are for the time being by law or custom, negotiable.

(2) This chapter doesn't apply to any mercantile document of title of goods.

(3) The transferee of actionable claim shall take it subject to all the liabilities and equities and to which the transferor was subject in respect thereof at the date of the transfer.

(4) Every notice of transfer of an actionable claim shall be in writing.

सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अध्याय–8 'अनुयोज्य दावों के अन्तरण के विषय में' के सम्बन्ध में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?

(1) यह अध्याय उन लिखितों को, जो विधि या रूढ़ि द्वारा तत्समय परक्राम्य है, लागू है।

(2) यह अध्याय माल पर हक की वाणिज्यिक दस्तावेज को लागू नहीं है।

(3) अनुयोज्य दावे का अन्तरिती ऐसे दावे को उन सब दायित्वों और साम्याओं के अध्यधीन लेगा जिनके अध्यधीन अन्तरक अन्तरण की तारीख को उस दावे के बारे में था।

(4) अनुयोज्य दावे के अन्तरण की प्रत्येक सूचना लिखित होगी।

**24.** Under The Specific Relief Act, 1963, any person having the possession or control of a particular article of movable property, of which he is not the owner, may not be compelled specifically to deliver it to the person entitled to its immediate possession, in which of the following cases?

(1) When the thing claimed is not held by the defendant as the agent or trustee of the plaintiff.

(2) When compensation in money would not afford the plaintiff adequate relief for the loss of the thing claimed.

(3) When it would be extremely difficult to ascertain the actual damage caused by its loss.

(4) When the possession of the thing claimed has been wrongfully transferred from the plaintiff.

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत कोई भी व्यक्ति जिसका जंगम सम्पत्ति की किसी भी विशिष्ट वस्तु पर कब्जा अथवा नियन्त्रण है जिसका वह स्वामी नहीं है, वह उसके अव्यवहित कब्जे के हकदार व्यक्ति को निम्नलिखित दशाओं में से किस दशा में उसका विनिर्दिष्टतः परिदान करने के लिए विवश नहीं किया जा सकेगा?

**(1)** जबकि दावाकृत वस्तु प्रतिवादी द्वारा वादी के अभिकर्ता अथवा न्यासी के रूप में धारित ना हो।

**(2)** जबकि दावाकृत वस्तु की हानि के लिए धन के रूप में प्रतिकर वादी को यथायोग्य अनुतोष न पहुंचाता हो।

**(3)** जबकि हानि से कारित वास्तविक नुकसान का अभिनिश्चय करना अत्यन्त कठिन हो।

**(4)** जबकि दावाकृत वस्तु का कब्जा वादी के पास से सदोषतः अन्तरित कराया गया हो।

**25.** Under The Limitation Act, 1963, which of the following is not a correct definition?

**(1)** 'Tort' means a civil wrong which is exclusively the breach of a contract or the breach of a trust.

**(2)** 'Suit' doesn't include an appeal or an application.

**(3)** 'Foreign country' means any country other than India.

**(4)** None of the above option.

परिसीमा अधिनियम, 1963 के अन्तर्गत निम्न में से कौनसी परिभाषा सही नहीं है?

**(1)** 'अपकृत्य' से ऐसा सिविल दोष अभिप्रेत है जो केवल संविदा भंग या न्यास भंग हो।

**(2)** 'वाद' के अन्तर्गत अपील या आवेदन नहीं आता है।

**(3)** 'विदेश' से अभिप्रेत है भारत से भिन्न कोई भी देश।

**(4)** उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं।

**26.** Under the Code of Civil Procedure, 1908, in which of the following case 'Signed' does not include 'Stamped'?

**(1)** Summon

**(2)** Bailable Warrant

**(3)** Attachment Warrant

**(4)** Judgement

सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 में निम्नलिखित में से किस दशा में 'हस्ताक्षरित' के अन्तर्गत 'स्टाम्पित' नहीं आता है?

**(1)** समन

**(2)** जमानती वारंट

**(3)** कुर्की वारंट

**(4)** निर्णय

**27.** To enforce a right of pre-emption, period of limitation is:-

**(1)** Twelve years

**(2)** Three years

**(3)** Two years

**(4)** One year

शुफा अधिकार के प्रवर्तन के लिए परिसीमा काल है:–

(1) बारह वर्ष

(2) तीन वर्ष

(3) दो वर्ष

(4) एक वर्ष

**28.** Under The Indian Contract Act, 1872, requisite for a valid ratification is:-

(1) Knowledge of the correct facts of the case.

(2) Interest of the person ratifying, in the case.

(3) Right of the person ratifying, in the case.

(4) Liability of the person ratifying, in the case.

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 के अन्तर्गत विधिमान्य अनुसमर्थन के लिए अपेक्षित है:–

(1) मामले के तथ्यों का सही ज्ञान।

(2) अनुसमर्थन करने वाले व्यक्ति का मामले में हित।

(3) अनुसमर्थन करने वाले व्यक्ति का मामले में अधिकार।

(4) अनुसमर्थन करने वाले व्यक्ति का मामले में दायित्व ।

**29.** Any suit filed under the provisions of The Specific Relief Act, 1963 shall be disposed of by the court within a period of .......... from the date of service of summons to the defendant.

(1) 6 months

(2) 9 months

(3) 12 months

(4) 24 months

विनिर्दिष्ट अनुतोष अधिनियम, 1963 के उपबन्धों के अधीन संस्थित किये गये किसी वाद का निपटारा न्यायालय द्वारा प्रतिवादी को समन तामील से ........ के भीतर किया जाएगा।

(1) 6 मास

(2) 9 मास

(3) 12 मास

(4) 24 मास

**30.** In which of the following case, presumption of contract to the contrary under section 230 of The Indian Contract Act, 1872, shall not be presumed?

(1) Where the contract is made by an agent for the sale or purchase of goods for a merchant resident abroad.

(2) Where the principal does not disclose the name of his agent.

(3) Where the principal, though disclosed, cannot be sued.

(4) In all the above cases.

भारतीय संविदा अधिनियम, 1872 की धारा 230 के अन्तर्गत तत्प्रतिकूल संविदा के अस्तित्व की उपधारणा निम्नलिखित में से किस दशा में नहीं की जाएगी?

(1) जहां कि संविदा किसी अभिकर्ता द्वारा किसी विदेश निवासी वणिक् की ओर से माल के विक्रय या क्रय के लिए की गई हो।

(2) जहां कि मालिक अपने अभिकर्ता का नाम प्रकट नहीं करता।

(3) जहां कि मालिक पर, यद्यपि उसका नाम प्रकट कर दिया गया हो, वाद नहीं लाया जा सकता।

(4) उपरोक्त सभी दशाओं में।

31. If for a period of ......... , a member of a house of the legislature of a State, without permission of the house, is absent from all meetings thereof, the house may declare his seat vacant.

(1) 120 days

(2) 90 days

(3) 60 days

(4) 30 days

भारत के संविधान के अन्तर्गत किसी राज्य के विधान मण्डल के किसी सदन का सदस्य, ...................की अवधि तक सदन की अनुज्ञा के बिना उसके सभी अधिवेशनों से अनुपस्थित रहता है तो सदन उसके स्थान को रिक्त घोषित कर सकेगा।

(1) 120 दिन

(2) 90 दिन

(3) 60 दिन

(4) 30 दिन

32. Which of the following statement with reference to Indian Evidence Act, 1872, is not correct?

(1) The contents of documents may be proved either by primary or by secondary evidence.

(2) Primary evidence means the document itself produced for the inspection of the court.

(3) Counterparts of documents as against the parties who execute them, comes under secondary evidence.

(4) Oral evidence must be direct.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(1) दस्तावेजों की अन्तर्वस्तु या तो प्राथमिक या द्वितीयक साक्ष्य द्वारा साबित की जा सकेगी।

(2) प्राथमिक साक्ष्य से न्यायालय के निरीक्षण के लिए पेश की गई दस्तावेज स्वयं अभिप्रेत है।

(3) उन पक्षकारों के विरुद्ध, जिन्होंने उन्हें निष्पादित किया है, दस्तावेजों के प्रतिलेख द्वितीयक साक्ष्य के अन्तर्गत आते हैं।

(4) मौखिक साक्ष्य प्रत्यक्ष होनी चाहिए।

33. Section 87 of Indian Evidence Act, 1872, provides:-
(1) Presumption as to certified copies of foreign judicial records
(2) Presumption as to books, maps and charts
(3) Presumption as to telegraphic messages
(4) Presumption as to due execution, etc., of documents not produced

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 87 प्रावधानित करती है:–
(1) विदेशी न्यायिक अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों के बारे में उपधारणा
(2) पुस्तकों, मानचित्रों और चार्टों के बारे में उपधारणा
(3) तार संदेशों के बारे में उपधारणा
(4) पेश नहीं किए गये दस्तावेजों के सम्यक निष्पादन आदि के बारे में उपधारणा

34. Under the Constitution of India, provision to disqualification on ground of defection is made:-
(1) in Ninth Schedule
(2) in Tenth Schedule
(3) in Eleventh Schedule
(4) in Twelfth Schedule

भारत के संविधान के अन्तर्गत दल परिवर्तन के आधार पर निरर्हता के बारे में उपबन्ध किया गया है:–
(1) नवीं अनुसूची में
(2) दसवीं अनुसूची में
(3) ग्यारहवीं अनुसूची में
(4) बारहवीं अनुसूची में

35. Which of the following statement with reference to section 3 of Indian Evidence Act, 1872, is not correct?
(1) A map or plan is a document.
(2) An inscription on a metal plate is a document.
(3) A caricature is not a document.
(4) That a man said certain words, is a fact.

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 3 के सन्दर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही-नहीं है?
(1) मानचित्र या रेखांक दस्तावेज है।
(2) धातु पट्ट पर उत्कीर्ण लेख दस्तावेज है।
(3) उपहासांकन दस्तावेज नहीं है।
(4) किसी मनुष्य ने अमुक शब्द कहे, एक तथ्य है।

36. Z's will contains these words: "I direct that all my remaining property be equally divided between 'A', 'B' & 'C'." 'A' dishonestly scratches out B's name, intending that it may be believed that whole was left to himself and 'C'. What offence 'A' has committed under Indian Penal Code, 1860?
(1) Cheating
(2) Forgery
(3) Counterfeit
(4) None of the above option

'य' की वसीयत में ये शब्द अन्तर्विष्ट हैं कि "मैं निदेश देता हूं कि मेरी समस्त शेष सम्पत्ति 'क', 'ख' और 'ग' में बराबर बांट दी जाए।" 'क' बेईमानी से 'ख' का नाम इस आशय से खुरच डालता है कि यह विश्वास कर लिया जाए कि समस्त सम्पत्ति उसके स्वयं के लिए और 'ग' के लिए ही छोड़ी गई थी। 'क' ने भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अन्तर्गत कौनसा अपराध किया है?

**(1)** छल

**(2)** कूटरचना

**(3)** कूटकरण

**(4)** उपरोक्त में से कोई विकल्प नहीं

**37.** 'A' prosecutes 'B' for adultery with 'C', A's wife. 'B' denies that 'C' is A's wife, but the court convicts 'B' of adultery. Afterwards, 'C' is prosecuted for bigamy in marrying 'B' during A's lifetime. 'C' says that she never was A's wife. The judgement against 'B':-

**(1)** is irrelevant against 'C'.

**(2)** is relevant against 'C'.

**(3)** is a conclusive proof against 'C'.

**(4)** is a proved fact against 'C'.

'क' अपनी पत्नी 'ग' के साथ जारकर्म करने के लिए 'ख' का अभियोजन करता है। 'ख' इस बात का प्रत्याख्यान करता है कि 'ग' 'क' की पत्नी है परन्तु न्यायालय 'ख' को जारकर्म के लिए दोषसिद्ध करता है। तत्पश्चात 'क' के जीवनकाल में 'ख' के साथ विवाह करने पर द्विविवाह के लिए 'ग' अभियोजित की जाती है। 'ग' कहती है कि वह 'क' की पत्नी कभी नहीं थी। 'ख' के विरुद्ध दिया गया निर्णयः–

**(1)** 'ग' के विरुद्ध विसंगत है।

**(2)** 'ग' के विरुद्ध सुसंगत है।

**(3)** 'ग' के विरुद्ध एक निश्चायक सबूत है।

**(4)** 'ग' के विरुद्ध एक साबित तथ्य है।

**38.** For the purpose of section 363-A of Indian Penal Code, 1860, 'Minor' means:-

**(1)** A person under 18 years of age

**(2)** A person under 21 years of age

**(3)** A female under 18 years of age

**(4)** A male under 18 years of age

भारतीय दण्ड संहिता, 1860 की धारा 363–क के प्रयोजनार्थ 'अप्राप्तवय' से अभिप्रेत हैः–

**(1)** 18 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति

**(2)** 21 वर्ष से कम आयु का व्यक्ति

**(3)** 18 वर्ष से कम आयु की नारी

**(4)** 18 वर्ष से कम आयु का नर

39. The Indecent Representation of Women (Prohibition) Act, 1986, is published in the Gazette of India on:-

(1) 23 December 1986

(2) 1 April 1987

(3) 25 September 1987

(4) 2 October 1987

स्त्री अशिष्ट रूपण (प्रतिषेध) अधिनियम, 1986 भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुआ:–

(1) 23 दिसम्बर 1986 को

(2) 1 अप्रेल 1987 को

(3) 25 सितम्बर 1987 को

(4) 2 अक्टूबर 1987 को

40. Which statement with reference to section 101 of The Juvenile Justice (Care and Protection of Children) Act, 2015, is wrong?

(1) An Appeal shall lie against an order of the Board before the Children's Court.

(2) A Second Appeal shall lie from any order of the Court of Sessions, passed in appeal under section 101 (2) before the High Court.

(3) Any person aggrieved by an order of the Children's Court may file an appeal before the High Court.

(4) No appeal shall lie from any order made by a committee in respect of finding that a person is not a child in need of care and protection.

किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा 101 के सन्दर्भ में कौनसा कथन गलत है?

(1) बोर्ड द्वारा पारित किसी आदेश के विरुद्ध अपील बालक न्यायालय को होगी।

(2) धारा 101 (2) के अन्तर्गत अपील में पारित सेशन न्यायालय के किसी आदेश के विरुद्ध द्वितीय अपील उच्च न्यायालय को होगी।

(3) बालक न्यायालय के आदेश से व्यथित कोई व्यक्ति उच्च न्यायालय के समक्ष अपील संस्थित कर सकेगा।

(4) इस निष्कर्ष के सम्बन्ध में कि वह व्यक्ति ऐसा बालक नहीं है जिसे देखरेख और संरक्षा की आवश्यकता हो, समिति द्वारा किये गये किसी आदेश के विरुद्ध अपील नहीं होगी।

41. "Being in possession of false weight or measure" is a punishable offence:-

(1) under section 264 of Indian Penal Code, 1860

(2) under section 265 of Indian Penal Code, 1860

(3) under section 266 of Indian Penal Code, 1860

(4) under section 267 of Indian Penal Code, 1860

"खोटे बाट या माप को कब्जे में रखना" एक दण्डनीय अपराध है:–

